प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, मानसून सत्र में 324 प्रश्न हुए स्वीकृत, पांच विधेयक भी हुए पारित।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर सरकार को बदनाम करने के लिए फंडिंग करने का लगाया आरोप, नेता प्रतिपक्ष ने कहा– जनमुद्दों से भाग रही है सरकार।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने महिला पर्यवेक्षिका की नियुक्ति पर लगायी रोक, सरकार और जेएसएससी से मांगा जवाब।
4. राज्य में आज से मानसून फिर होगा सक्रिय, मौसम विभाग ने रांची, खूंटी और गुमला समेत कई जिलों में भारी बारिश का जारी किया येलो अलर्ट।
5. राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज से रांची में तीन दिवसीय मेगा खेल महोत्सव, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को मिलेंगे 3 करोड़ रुपए से अधिक के नगद पुरस्कार।

****

झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र समाप्त हो गया है। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लि स्थगित कर दी गई। मानसून सत्र में 324 प्रश्न स्वीकृत किए गए साथ ही सत्र के दौरान पांच विधेयक भी पास हुए। सत्र समापन के दौरान अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कई सदस्य अपनी जनप्रतिबद्धता और स्थानीय समस्याओं की अपेक्षा दलगत निर्देशों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने अपील की कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनता की आवाज को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

****

विधानसभा के मॉनसून सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में विपक्ष को निशाने पर रख। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य की सरकार को बदनाम करने के लिए फंडिंग करके कई योजनाओं का विरोध करा रही है।

इधर, भाजपा ने सरकार पर पलटवार करते हुए कहा कि सरकार जनमुद्दों से भागना चाहती है। यही कारण है कि सत्ता पक्ष के लोग विपक्ष पर अनाप–शनाप आरोप लगा रहे हैं।

_********************

झारखंड हाई कोर्ट ने महिला सुपरवाइजर नियुक्ति की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने राज्य सरकार और जेएसएससी से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि किसी वर्ग के लिए शत प्रतिशत आरक्षण कैसे दिया जा सकता है। मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। इस संबंध में आकांक्षा कुमारी सहित 33 अभ्यर्थियों की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

****

राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री दिवंगत रामदास सोरेन का श्राद्ध कार्यक्रम आज उनके पूर्वी सिंहभूम के घोड़ाबांधा स्थित निवास स्थान पर संपन्न होगा। श्राद्ध भोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन समेत प्रदेश के कई मंत्री, विधायक, पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

****

खूंटी जिले के कामंता डैम के पास से पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। खूंटी डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिले में नक्सलवाद और अपराध के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

****

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

.... ********************

गोड्डा जिले में वनोपज को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं।

****

राज्य में आज से मानसून के फिर सक्रिय होने की संभावना है। इस दौरान घने बादल छाये रहेंगे और कई जिलों में बारिश होगी। सात जिलों में आज और कल भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा शामिल हैं। मौसम विभाग ने अगले चार दिन राज्य में कहीं–कहीं तेज हवा चलने और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

****

हजारीबाग को पहली बार बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट कूच बिहार ट्रॉफी की मेजबानी मिली है। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सौरभ तिवारी ने पत्र के माध्यम से इसकी पुष्टि की है। मैच 8 से 11 दिसंबर 2025 के बीच संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में झारखंड और केरल के बीच खेला जाएगा। हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश तिवारी ने खुशी जताते हुए कहा कि वर्षों का सपना साकार होने जा रहा है।

****

देशभर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है।

****

राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज से रांची में तीन दिवसीय मेगा खेल महोत्सव शुरु हो रहा है। आज दिन के 10 बजे मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेल मंत्री सुदिव्य कुमार इसका शुभारंभ करेंगे। इस महोत्सव के दौरान उत्कृष्ट खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को खिलाड़ी कल्याण कोष से लगभग 3 करोड़ रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव विधानसभा से पारित होने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर लिखता है– छात्र संगठनों ने झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक की प्रतियां फाड़कर जलायी, राज्यपाल से मिले।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– टाटा स्टील के कर्मचारियों को इस साल 3 लाख 92 हजार तक बोनस।

प्रभात खबर की सुर्खी है– सहायक आचार्य का संशोधित रिजल्ट कल से होगा जारी, दो को नियुक्ति पत्र बंटेगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– गोड्डा में अदाणी पावर को जमीन देने में अनियमितता की जांच करेगी हाईपावर कमिटी।

****